# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

कार्य परिषद् की बैठक 06/2023 दिनांक 27.07.2023 को मध्याह्न 12:00 बजे की कार्यवाही एवं सदस्यों की उपस्थिति–

| क.सं. | नाम एवं पदनाम | | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रो0 मुकेश पाण्डेय | कुलपति/अध्यक्ष | |
| 2 | माननीय न्यायमूर्ति श्री एस0 सी0 वर्मा (से.नि.) | कुलाधिपति नामित सदस्य | |
| 3 | प्रो0 प्रेम प्रकाश सोलंकी, | कुलाधिपति नामित सदस्य | |
| 4 | सुश्री सुमन सिंह, | कुलाधिपति नामित सदस्य | Online |
| 5 | श्री समीर बेन्द्रे, | कुलाधिपति नामित सदस्य | Online |
| 6 | प्रो0 एम0 एम0 सिंह, | संकायाध्यक्ष/सदस्य | 27.7.2 |
| 7 | डा0 शैलजा गुप्ता | संकायाध्यक्ष/सदस्य | |
| 8 | प्रो0 एम0 एम0 सिंह | आचार्य /सदस्य | |
| 9 | प्रो0 सी0 बी0 सिंह | आचार्य /सदस्य | 27/07 |
| 10 | प्रो0 वी0 के0 सिंह | आचार्य/सदस्य | |
| 11 | डा0 विनीत कुमार | सह–आचार्य/सदस्य | |
| 12 | डा0 संजय निभोरिया | सह–आचार्य/सदस्य | |
| 13 | डा0 नूपुर गौतम | सह–आचार्य/सदस्य | 27 |
| 14 | श्री नवीन चन्द पटेल | सहायक आचार्य/सदस्य | 27.07.20 |
| 15 | डा0 राजेश चन्द्र पाण्डेय | प्राचार्य/सदस्य | |
| 16 | डा0 टी0 के0 शर्मा | प्राचार्य/सदस्य | |
| 17 | डा0 एस0 के0 राय | प्राचार्य/सदस्य | Online |
| 18 | डा0 अभिलाष श्रीवास्तव | प्राध्यापक/सदस्य | |
| 19 | श्री वसी मोहम्मद | वित्त अधिकारी | 27/07 |
| 20 | श्री विनय कुमार सिंह | कुलसचिव/सचिव | |
| 21. | प्रो० एस०पी० सिंह, निदेशक, एकेडमिक | विशेष आमंत्रित सदस्य | |
| 22. | श्री राजबहादुर | परीक्षा नियंत्रक विशेष आमंत्रित सदस्य | |

Scanned with OKEN Scanner

# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झॉसी

## कार्य परिषद् की बैठक 06/2023 दिनांक 27.07.2023 की कार्यवाही –

उपस्थिति –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 मुकेश पाण्डेय | कुलपति/अध्यक्ष |
| 2. | मा0 न्यायमूर्ति श्री एस. सी. वर्मा (से0नि0) | कुलाधिपति नामित सदस्य |
| 3. | प्रो0 प्रेमप्रकाश सोलंकी, | कुलाधिपति नामित सदस्य |
| 4. | सुश्री सुमन सिंह | कुलाधिपति नामित सदस्य /ऑनलाइन |
| 5. | श्री समीर बेन्द्रे | कुलाधिपति नामित सदस्य / ऑनलाइन |
| 6. | प्रो. एम. एम. सिंह | संकायाध्यक्ष–इंजीनियरिंग संकाय/सदस्य |
| 7. | डा. शैलजा गुप्ता | संकायाध्यक्ष–शिक्षा संकाय/सदस्य |
| 8. | प्रो. एम. एम. सिंह | आचार्य/सदस्य |
| 9. | प्रो. सी. बी. सिंह | आचार्य /सदस्य |
| 10. | प्रो. वी. के. सिंह | आचार्य/सदस्य |
| 11. | डा. विनीत कुमार | सह–आचार्य/सदस्य |
| 12. | डा. संजय निबौरिया | सह– आचार्य/ सदस्य |
| 13. | डा. नूपुर गौतम | सह–आचार्य/सदस्य |
| 14. | श्री नवीन चन्द पटेल | सहायक आचार्य/सदस्य |
| 15. | डा. राजेश चन्द्र पाण्डेय | प्राचार्य/सदस्य |
| 16. | डा. टी. के. शर्मा | प्राचार्य/सदस्य |
| 17. | डा. एस. के. राय | प्राचार्य/सदस्य / ऑनलाइन |
| 18. | डा. अभिलाष श्रीवास्तव | प्राध्यापक/सदस्य |
| 19. | श्री वसी मोहम्मद | वित्त अधिकारी |
| 20. | श्री विनय कुमार सिंह | कुलसचिव/सचिव |
| 21. | प्रो. एस. पी. सिंह | निदेशक, एकेडमिक/विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | श्री राजबहादुर | परीक्षा नियंत्रक/ विशेष आमंत्रित सदस्य |

सर्वप्रथम माननीया कुलाधिपति महोदया द्वारा नामित सदस्यों माननीय न्यायमूर्ति श्री एस. सी. वर्मा (से0नि0), प्रो. प्रेमप्रकाश सोलंकी तथा ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित सुश्री सुमन सिंह, श्री समीर बेन्द्रे का उनकी प्रथम बैठक में स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त डा. शैलजा गुप्ता तथा डा. संजय निबौरिया का भी उनकी प्रथम बैठक में स्वागत किया गया।



27/7/2023

Scanned with OKEN Scanner

माननीया कुलाधिपति नामित सदस्य माननीय न्यायमूर्ति श्री पी. के. एस. बघेल, प्रो. अनिल शुक्ला, डा. डी. वी. सरदेसाई, डा. विजय खैरा का दो वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर उन्हें विश्वविद्यालय के विकास में सहयोग प्रदान किये जाने हेतु धन्यवाद प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त डा. राजीव अग्रवाल का भी कार्यकाल समाप्त होने पर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यवाही –

1. **कार्य परिषद् की पूर्व बैठक दिनांक 31.03.2023 की कार्यवाही की सम्पुष्टि पर विचार।**

परिषद् द्वारा सर्व सम्मति से अपनी पूर्व बैठक दिनांक 31.03.2023 की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई।

2. **प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 01.07.2023 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 01.07.2023 की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया।

परिषद् के संज्ञान में आया कि कतिपय पाठ्यक्रमों में स्वीकृत स्थानों के सापेक्ष कम प्रवेश हो रहे हैं जिस पर माननीया कुलाधिपति नामित सदस्य मा0 न्यायमूर्ति श्री एस. सी. वर्मा (से0नि0) ने सुझाव दिया कि ऐसे पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में उचित प्रचार प्रसार किया जाये जिससे प्रवेश संख्या में बढ़ोत्तरी हो सके।

3. **परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21.06.2023 एवं 11.07.2023 की कार्यवाहियों के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से परीक्षा समिति की बैठकों दिनांक 21.06.2023 एवं 11.07.2023 की कार्यवाहियों का अनुमोदन किया गया। परिषद् के सदस्य माननीया कुलाधिपति नामित सदस्य मा0 न्यायमूर्ति श्री एस. सी. वर्मा (से0नि0) द्वारा परम्परागत पाठ्यक्रमों के पूर्ण करने की अवधि (दुगुनी) की समीक्षा करने का सुझाव दिया।

4. **विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 25.07.2023 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 25.07.2023 की कार्यवाही का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया।

साथ ही माननीया कुलाधिपति नामित सदस्य मा0 न्यायमूर्ति श्री एस. सी. वर्मा (से0नि0) द्वारा परिषद् को सुझाव दिया गया कि वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जीवनी के सम्बन्ध में भी पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाये जिसका समर्थन माननीया कुलाधिपति नामित सदस्य प्रो0 प्रेमप्रकाश सोलंकी जी ने भी किया। परिषद् ने सहमत होते हुये अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

5. **वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.07.2023 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.07.2023 की कार्यवाही का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

27/7/2023

27/07/23



Scanned with OKEN Scanner

इसके साथ ही परिषद् द्वारा निर्देशित किया गया कि वित्त समिति के एजेण्डा बिन्दु संख्या 5(2), 5(3) से सम्बन्धित वेतन विसंगति / प्रत्यावेदन पर प्रशासन एवं वित्त विभाग द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षण करते हुये आख्या कुलपति/ अध्यक्ष कार्य परिषद् के समक्ष अग्रिम आदेश हेतु प्रस्तुत की जाये।

परिषद् ने आगामी विजिट के दृष्टिगत वित्त समिति की कार्यवाही के बिन्दु संख्या 2 पर उल्लिखित भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 05.07.2023 में अंकित मुख्य निर्णयों से सहमत होते हुये सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान करते हुये शीघ्र कियान्वयन हेतु निर्देशित किया।

**6. शासनादेश के अनुपालन में राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2023 का पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता, गोपनीयता एवं शुद्धता के साथ आयोजन कराते हुए शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किये जाने की प्रगति आख्या परिषद् के समक्ष प्रस्तुत।**

राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश संयुक्त बी. एड. प्रवेश परीक्षा –2023 का पूर्ण शुचिता, पारशुचिता, पारदर्शिता, गोपनीयता एवं शुद्धता के साथ आयोजन कराते हुए शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में परिषद् के समक्ष प्रस्तुत की गई प्रगति आख्या से परिषद् अवगत हुई। परिषद् द्वारा प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों/ शिक्षकों/ कर्मचारियों को बधाई दी।

**7. विश्वविद्यालय की चतुर्थ साइकिल का NAAC द्वारा मूल्यांकन किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही विभिन्न तैयारियों का विवरण परिषद् के समक्ष प्रस्तुत।**

परिषद् विश्वविद्यालय का NAAC द्वारां चतुर्थ साइकिल के मूल्यांकन हेतु हो रही तैयारियों के विवरण से अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त करते हुये विश्वविद्यालय को Highest Grade प्राप्त किये जाने हेतु शुभकामनायें दीं।

**8. बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह दिनांक 26 अगस्त 2023 को आयोजित किये जाने की सूचना परिषद के समक्ष प्रस्तुत।**

परिषद् को सूचित किया गया कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी की स्थापना के 48 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 26 अगस्त 2023 को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें माननीय श्री राज्यपाल हिमांचल प्रदेश श्री शिवप्रताप शुक्ल जी के पधारने की सम्भावना है। इसके अतिरिक्त प्रातःकाल प्रशासनिक भवन के बाहर हवन–पूजन किया जायेगा तथा विश्वविद्यालय में क्लब 'द रिदम' द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी प्रस्तावित है।

परिषद् उपर्युक्त सूचना से अवगत हुई तथा कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित किये जाने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रो. एस. पी. सिंह निदेशक, एकेडमिक को अधिकृत किया गया।

Appd
27/7/2023

27/7/23



Scanned with OKEN Scanner

(70)

**9. राजभवन, लखनऊ द्वारा माननीया कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी का 28वॉ दीक्षांत समारोह सितम्बर 2023 के अन्तिम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। यह सूचना परिषद् के समक्ष प्रस्तुत।**

माननीया कुलाधिपति महोदया के विशेष कार्याधिकारी के पत्र संख्या ई–4069/32–जी.एस./2023–XIX(Convocation) दिनांक 04 जुलाई 2023 द्वारा विश्वविद्यालय/ संस्थानों में वर्ष 2022–23 का दीक्षांत समारोह आयोजन हेतु तिथि निर्धारित कर अपना प्रस्ताव उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में सूचित किया गया। उक्त कम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या एस.वी.सी./2023/5657 दिनांक 10.07.2023 के द्वारा राजभवन को सूचित किया गया है कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय का 27वॉ दीक्षांत समारोह दिनांक 07 फरवरी 2023 को हुआ था तथा 28वॉ दीक्षांत समारोह 26 से 29 सितम्बर 2023 में से माननीया कुलाधिपति महोदया की सुविधानुसार किसी एक तिथि पर आयोजित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

परिषद् ने उक्त सूचना से अवगत होते हुये सितम्बर के अंतिम सप्ताह में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय का 28वॉ दीक्षांत समारोह आयोजित किये जाने पर सहमति प्रदान करते हुये समारोह के भव्य आयोजन हेतु अग्रिम कार्यवाहियॉ किये जाने के लिये कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा मानद् उपाधियॉ (D.Sc., D.Litt., LL.D.) प्रदान किये जाने की भी सहमति बनी।

**10. शासनादेश संख्या – 5/2019/4/1/2020–का–2/2019 टी0सी0 I दिनांक 13.08.2019 के द्वारा निर्गत किये गये रोस्टर प्रणाली के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत सृजित शिक्षक वर्ग (आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य) के पदों हेतु गठित समिति द्वारा तैयार किये गये रोस्टर की संस्तुति परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद् के समक्ष शासनादेश संख्या – 5/2019/4/1/2020–का–2/2019 टी0सी0 I दिनांक 13.08.2019 के द्वारा निर्गत किये गये रोस्टर प्रणाली के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत सृजित शिक्षक वर्ग (आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य) के पदों हेतु गठित समिति द्वारा तैयार किया गया रोस्टर प्रस्तुत किया गया जिसे परिषद् द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया।

NAAC के निरीक्षण को दृष्टिगत रखते हुये एवं विभिन्न मानकों के अनुरूप स्ववित्त पोषित योजना के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के आठ स्थाई विभागों में भी आचार्य, सह आचार्य, सहायक आचार्य के रिक्त पदों का शीघ्र ही विज्ञापन कर नियुक्तियां किये जाने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिये परिषद् द्वारा कुलसचिव को निर्देशित किया गया।

**11. राजकीय महाविद्यालय माधौगढ़, कोंच (जालौन) एवं राजकीय महाविद्यालय कटेरा, (मऊरानीपुर, झॉसी) के निर्माणाधीन भवनों को विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित किये जाने हेतु परिषद् के समक्ष प्रस्तुत।**

27/7/2023

27/7/23



Scanned with OKEN Scanner

परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से राजकीय महाविद्यालय माधौगढ़, कोंच (जालौन) एवं राजकीय महाविद्यालय कटेरा, (मऊरानीपुर, झाँसी) के निर्माणाधीन भवनों को विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित किये जाने की अनुमति प्रदान की तथा इस सम्बन्ध में विभिन्न कार्यवाहियों एवं महाविद्यालयों के लिये नोडल अधिकारी को नामित किये जाने के लिये कुलपति को अधिकृत किया गया।

**12. डा. महेन्द्र सिंह, सहायक आचार्य, पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन विभाग का जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू में सह– आचार्य, ट्यूरिज्म एण्ड ट्रेवल मैनेजमेंट के पद पर चयन होने के फलस्वरूप दिनांक 23.07.2023 से 22.07.2024 तक एक वर्ष का अवैतनिक असाधारण अवकाश स्वीकृत किये जाने की सूचना।**

डा. महेन्द्र सिंह, सहायक आचार्य, पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन विभाग को जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू में सह– आचार्य, ट्यूरिज्म एण्ड ट्रेवल मैनेजमेंट के पद पर चयन होने के फलस्वरूप दिनांक 23.07.2023 से 22.07.2024 तक एक वर्ष का अवैतनिक असाधारण अवकाश विश्वविद्यालय के पत्र संख्या बु.वि./प्रशा./2023/1728–32 दिनांक 21.07.2023 द्वारा स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन परिषद् द्वारा सर्व सम्मति से किया गया।

**13. डा. उमेश कुमार सहायक आचार्य, पत्रकारिता विभाग का जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू में सह–आचार्य, पत्रकारिता विभाग के पद पर चयन होने के फलस्वरूप दिनांक 10.07.2023 से 09.07.2024 तक एक वर्ष का अवैतनिक असाधारण अवकाश स्वीकृत किये जाने की सूचना।**

डा. उमेश कुमार सहायक आचार्य, पत्रकारिता विभाग का जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू में सह–आचार्य, पत्रकारिता विभाग के पद पर चयन होने के फलस्वरूप दिनांक 10.07.2023 से 09.07.2024 तक एक वर्ष का अवैतनिक असाधारण अवकाश विश्वविद्यालय के पत्र संख्या बु.वि./प्रशा./2023/1728–32 दिनांक 21.07.2023 द्वारा स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन परिषद् द्वारा सर्व सम्मति से किया गया।

**14. सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 01.05.2023, 09.05.2023, 25.05.2023, 10.06.2023 एवं 15.06.2023 की कार्यवाहियां परिषद् के समक्ष संसूचित।**

परिषद् सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 01.05.2023, 09.05.2023, 25.05.2023, 10.06.2023 एवं 15.06.2023 की कार्यवाहियों से संसूचित हुई।

**15. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मद –**

**(1) विश्वविद्यालय में स्थापित ओ.बी.सी. पुरूष छात्रावास के नामकरण पर विचार।**

**विश्वविद्यालय में निम्नलिखित तीन पुरूष छात्रावास स्थित हैं –**

1. **लार्ड बुद्धा छात्रावास।**
2. **समता पुरूष छात्रावास।**
3. **ओ.बी.सी. पुरूष छात्रावास।**

27/7/2023

27/7/23



Scanned with OKEN Scanner

अतः ओ.बी.सी. पुरूष छात्रावास का नामकरण किये जाने का प्रस्ताव कार्य परिषद् के समक्ष प्रस्तुत।

परिषद् द्वारा विचार – विमर्श के उपरान्त ओ.बी.सी. पुरूष छात्रावास का नामकरण **'सरदार बल्लभ भाई पटेल पुरूष छात्रावास'** किये जाने का परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(2) **डा. राजीव बबेले – फुटबाल कोच / इन्स्ट्रक्टर, शारीरिक शिक्षा विभाग का प्रवक्ता/ सहायक आचार्य पदनाम किये जाने के सम्बन्ध में परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।**

परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से डा. राजीव बबेले – फुटबाल कोच / इन्स्ट्रक्टर, शारीरिक शिक्षा विभाग को प्रवक्ता/ सहायक आचार्य पदनाम किये जाने की सहमति प्रदान की गई एवं प्रभावी शासनादेशों एवं नियमों के अनुरूप कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

(3) **विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित इंजीनियरिंग संस्थान के भवन के पीछे की ओर की भूमि पर सेना एवं विश्वविद्यालय के विवाद में संचित पेट्रोल पम्प के बगल वाली भूमि में 2640 वर्गमीटर (0.652 एकड़) भूमि सेना की भूमि है। उपरोक्त हेतु राजस्व विभाग, सेना के अधिकारियों एवं विश्वविद्यालय के द्वारा संयुक्त सर्वे किया गया था। विश्वविद्यालय एवं सेना के मध्य भूमि हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रकरण के सन्दर्भ में सेना की इंजीनियरिंग विभाग के समीप अतिक्रमण की गई भूमि के सापेक्ष विश्वविद्यालय को भूमि चिह्नित करने हेतु तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। गठित समिति द्वारा विश्वविद्यालय की करगुवॉ जी में स्थित 45 एकड़ भूमि के पास सेना को 2640 वर्गमीटर भूमि हस्तान्तरण हेतु चिह्नित कर दी गई है। परन्तु सेना के अधिकारियों द्वारा यह स्वीकार्य नहीं है। सेना के अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय से उतने ही सरकारी मूल्य की जमीन हस्तान्तरण हेतु मॉग की जा रही है।**

उक्त प्रकरण पर परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रकरण का सम्पूर्ण विवरण तैयार कर विस्तृत आख्या आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाये।

(4) परिषद् प्रो. मुन्ना तिवारी – आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झॉसी के उनकी पूर्व की सेवा जोड़े जाने सम्बन्धी प्रत्यावेदन दिनांक 25.07.2023 सम्बन्धित तथ्यों एवं शासन से मांगे जाने वाले मार्गदर्शन से अवगत हुई तथा निर्देशित किया कि सेवा जोड़े जाने सम्बन्धी परिनियम के दृष्टिगत पूर्व कार्यवाहियॉ, शासन स्तर से निर्देश/ मार्गदर्शन प्राप्त करते हुये की जाये।

अन्त में सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुई।

**(विनय कुमार सिंह)**
कुलसचिव

**(प्रो. मुकेश पाण्डेय)**
कुलपति